## कानपुर विकास प्राधिकरण

**आवश्यक सूचना:**–एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं0–26 एच0आई0जी0 सुजातगंज कानपुर नगर, क्षेत्रफल 204.39 वर्गमी0 आवासीय की फ्री–होल्ड डीड कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 20.05.1999 को श्री दीपक चौधरी पुत्र श्री राम कृष्ण अस्थाना एवं श्रीमती विनीता चौधरी पत्नी श्री दीपक चौधरी के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। उक्त भवन के फ्री–होल्ड धारक श्री दीपक चौधरी पुत्र श्री राम कृष्ण अस्थाना एवं श्रीमती विनीता चौधरी पत्नी श्री दीपक चौधरी द्वारा उक्त भवन का पंजीकृत बैनामा दिनांक 15.07.2000 को श्री विमल कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 वीरभद्र स्वरूप श्रीवास्तव के पक्ष में किया गया। श्री विमल कुमार श्रीवास्तव की मृत्यु दिनाक 18.07.2022 को हो चुकी है। जिसकी पुष्टि प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण से होती है। वर्तमान में इनके वारिसान श्रीमती दीपा श्रीवास्तव पत्नी स्व0 विमल कुमार श्रीवास्तव द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति शपथ पत्र व फोटोयुक्त शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये भवन का नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। कार्यालय उप जिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या–893/अह0फौज0/2016 दिनांक 20.02.2016 के अनुसार मृतक स्व0 विमल कुमार श्रीवास्तव के निम्नलिखित वारिसान हैं– 1.श्रीमती दीपा श्रीवास्तव मृतक की पत्नी उम्र 61 वर्ष 2.श्रीमती दिवि श्रीवास्तव मृतक की पुत्री (विवा0) उम्र 36 वर्ष उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई पारिवारिक सदस्य तस्दीक नहीं किया गया है। क्रमांक–2 पर अंकित सदस्य श्रीमती दिवि श्रीवास्तव द्वारा क्रमांक–1 पर अंकित सदस्य श्रीमती दीपा श्रीवास्तव के पक्ष में अपना हक छोड़ते हुये सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती दीपा श्रीवास्तव पत्नी स्व0 विमल कुमार श्रीवास्तव द्वारा विरासतन नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त भवन सं0–26 एच0आई0जी0 सुजातगंज कानपुर नगर, क्षेत्रफल 204.39 वर्गमी0 का पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र के आधार पर नामान्तरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई अन्य अपना अधिकार रखता हो तो अपने सम्पूर्ण साक्ष्यों सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति अधोस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन–4 में दाखिल कर सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति शपथ पत्र एवं शपथ पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा भविष्य में किसी क्लेम/दावा पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

**जोनल प्रभारी अधिकारी (विक्रय जोन–4)**

# सेंट्रल से कोलकाता को चार और नई स्पेशल ट्रेनों की सौगात

**सहूलियत**

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** रेल प्रशासन ने कानपुर और आगरा से कोलकाता को चार और ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। साप्ताहिक चलने वाली कानपुर-कोलकाता एक्सप्रेस हर मंगलवार सेंट्रल स्टेशन तो ताजनगरी आगरा से कोलकाता को हर गुरुवार को चलेगी। इन ट्रेनों का संचालन सितंबर तक होगा। रेलवे का मानना है कि इससे कोलकाता को चल रही ओवरलोड ट्रेनों का यात्री लोड कम होगा। इसमें सफर करने वाले यात्री रविवार से इन चारों ट्रेनों में रिजर्वेशन करा सकेंगे।



- **आगरा से कोलकाता तक दो जोड़ी ट्रेनें अब सितंबर तक चलेंगी**
- **कानपुर से हर मंगलवार तो आगरा से हर गुरुवार कोलकाता को स्पेशल ट्रेन**

### जानिए कौन ट्रेन कब चलेगी

- 04157 स्पेशल ट्रेन हर मंगलवार कानपुर सेंट्रल से 21 से 29 सितंबर तक चलेगी। कानपुर से सुबह 8 बजे चलकर गोमो, धनबाद, आसनसोल होते हुए बुधवार को सुबह 4 :05 बजे कोलकाता पहुंचेगी।
- 04158 स्पेशल ट्रेन हर बुधवार कोलकाता से सुबह 7 :25 बजे चलकर इसी रास्ते होते हुए गुरुवार को रात 1 :25 बजे आएगी। यह ट्रेन 22 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगी।
- 01911 स्पेशल ट्रेन आगरा कैंट से हर गुरुवार 23 जुलाई से 24 सितंबर तक चलेगी। आगरा कैंट से 3 :40 बजे चलकर सेंट्रल स्टेशन पर 8 :20 बजे आएगी। 10 मिनट बाद चलकर शुक्रवार को 4 :05 बजे कोलकाता पहुंचेगी।
- 01912 स्पेशल ट्रेन कोलकाता से हर शुक्रवार को 24 जुलाई से 25 सितंबर तक चलेगी। यह ट्रेन सुबह 7 :25 बजे चलकर शनिवार को रात 1 :25 बजे कानपुर सेंट्रल तो सुबह उसी दिन 8 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी।

## मुरी, महानंदा ट्रेनों के जरिए जलेसर, लूसा से जुड़ेगा सेंट्रल

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** रेल प्रशासन ने शहरियों को एक और सौगात दी। टाटानगर से चलने वाली मुरी एक्सप्रेस 20 और 21 जुलाई से नियमित लूसा स्टेशन पर रुककर कानपुर सेंट्रल आएगी और जाएगी। 18102 मुरी एक्सप्रेस 21 जुलाई से तो 18101 मुरी एक्सप्रेस 20 जुलाई से लूसा स्टेशन पर रुकने लगेगी। दो मिनट का स्टॉपेज अप और डाउन में होगा। यह स्टेशन मिर्जापुर जिले में आता है। इसी तरह अलीपुरद्वार से दिल्ली जाने वाली महानंदा एक्सप्रेस जलेसर रोड स्टेशन पर 20 जुलाई से रुकने लगेगी।

15484-15483 महानंदा एक्सप्रेस का जलेसर रोड स्टेशन पर स्टॉपेज दिया गया है। इनमें सफर करने वाले यात्री 19 जुलाई से रिजर्वेशन करा सकेंगे।


JKcement
A SOLID LEGACY OF TRUST

Great Place To Work. Certified FEB 2026 - FEB 2027 INDIA

**J.K. Cement Ltd.**

(CIN: L17229UP1994PLC017199)
**Registered Office :** Kamla Tower, Kanpur-208001, Uttar Pradesh, India
Telephone : +91-512-2371478/81, Fax : +91-512-2399854
Email : comp.sec@jkcement.com | Web : www.jkcement.com

**EXTRACT OF CONSOLIDATED AND STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30 JUNE , 2026**

(₹ in Crores)

| Sl. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended 30.06.2026 (Unaudited) | Three Months Ended 31.03.2026 (Audited) | Three Months Ended 30.06.2025 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2026 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 4,070.97 | 3,928.79 | 3,408.97 | 13,916.84 |
| 2. | Net Profit before Interest, Depreciation, Exceptional Items and Tax | 648.56 | 681.93 | 698.56 | 2,387.81 |
| 3. | Net Profit for the Period before share (Loss) in associates and tax (before Exceptional and Extraordinary items) | 406.15 | 443.59 | 489.14 | 1,491.54 |
| 4. | Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 406.15 | 443.54 | 489.15 | 1,443.85 |
| 5. | Net Profit for the period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 274.62 | 330.88 | 324.25 | 987.99 |
| 6. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 274.61 | 371.66 | 322.22 | 1,062.76 |
| 7. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share) | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 |
| 8. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 6,530.85 | 6,256.24 | 5,631.48 | 6,256.24 |
| 9. | Security Premium Account | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 |
| 10. | Net Worth | 7,364.92 | 7,090.31 | 6,465.55 | 7,090.31 |
| 11. | Paid up Debt Capital/Outstanding Debt | 5,399.21 | 4,990.20 | 5,056.84 | 4,990.20 |
| 12. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA |
| 13. | Debt Equity Ratio | 0.90 | 0.86 | 0.95 | 0.86 |
| 14. | Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (Not Annualized except Period / Year ended ) | 35.91 | 43.08 | 41.99 | 128.44 |
| 15. | Debenture Redemption Reserve | - | - | 3.75 | - |
| 16. | Debt Service Coverage Ratio | 2.35 | 2.92 | 2.37 | 2.39 |
| 17. | Interest Service Coverage Ratio | 6.08 | 7.48 | 6.95 | 6.12 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the Listing Regulations. The full format of the quarter ended consolidated and standalone financial results are available on the Stock Exchange websites:- www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website www.jkcement.com.
2. Key Standalone Financial Information:

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended 30.06.2026 (Unaudited) | Three Months Ended 31.03.2026 (Audited) | Three Months Ended 30.06.2025 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2026 (Audited) |
| 1. | Total Income from Operations | 3,906.19 | 3,726.56 | 3,245.78 | 13,138.74 |
| 2. | Net Profit before Interest, Depreciation, Exceptional Items and Tax | 639.67 | 670.47 | 684.04 | 2,331.05 |
| 3. | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 423.13 | 459.67 | 497.87 | 1,539.74 |
| 4. | Net Profit for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 423.13 | 459.67 | 497.87 | 1,493.74 |
| 5. | Net Profit for the Period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 291.00 | 344.54 | 332.48 | 1,033.34 |
| 6. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 290.88 | 346.58 | 331.63 | 1,032.87 |
| 7. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share) | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 |
| 8. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 6,417.49 | 6,126.61 | 5,543.20 | 6,126.61 |
| 9. | Security Premium Account | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 |
| 10. | Net Worth | 7,251.56 | 6,960.68 | 6,377.27 | 6,960.68 |
| 11. | Paid up Debt Capital/Outstanding Debt | 5,399.21 | 4,990.20 | 5,056.84 | 4,990.20 |
| 12. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA |
| 13. | Debt Equity Ratio | 0.91 | 0.87 | 0.96 | 0.87 |
| 14. | Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (Not Annualized except Period / Year ended) | 37.66 | 44.59 | 43.03 | 133.73 |
| 15. | Debenture Redemption Reserve | - | - | 3.75 | - |
| 16. | Debt Service Coverage Ratio | 2.33 | 2.87 | 2.32 | 2.31 |
| 17. | Interest Service Coverage Ratio | 6.09 | 7.47 | 6.95 | 6.10 |

3. These financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind-AS) as prescribed under section 133 of Companies Act 2013 read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015 and relevant amendment thereafter. The said financial results of the Parent Company and its subsidiaries together referred as the "Group" have been prepared in accordance with Ind AS 110 – Consolidated financial statements.

For and on behalf of the Board of Directors

Place : Gurugram
Date : 18 July, 2026

Scan the QR Code to download the full financial results

**Dr. Raghavpat Singhania**
Managing Director
DIN: 02426556

JKsuper cement BUILD STRONG | JKsuper STRONG CONCRETE SPECIAL BUILD STRONG | JKsuper PROTECT BUILD STRONG ALL WEATHER SAFE | JKMaxx PAINTS Colours of joy | JKcement WallMaxX White Cement Based Putty | JKcement WallMaxX ADVANCED Premium Wall Putty | JKcement ShieldMaxX Universal Waterproof Putty | JK CEMENT WhiteMaxX White Portland Cement | JKTYLO PREMIUM ADHESIVES & GROUTS | JK PROFIX TRUSTED BY EXPERTS

For Kind Attention of Shareholders : As a part of Green Initiative of the Government, all the Shareholders are requested to get their email addresses registered with the Company for receiving Annual Report, etc. on email.


### लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी का मामला

# अधिक ब्याज का झांसा दे 200 करोड़ की ठगी

**छानबीन**

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** ललितपुर के लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी के 200 करोड़ की ठगी के आरोप जांच में सही पाए गए हैं। जिसके बाद इस मामले में शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। सोसाइटी पर आरोप है कि अधिक ब्याज, दोगुनी रकम करने के नाम पर हजारों लोगों से करोड़ों की ठगी की। ईओडब्ल्यू कानपुर यूनिट इस मामले की जांच कर रही है। ठगी के मुकदमे ललितपुर झांसी में दर्ज हैं।

झांसी के ललितपुर में लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी की शुरुआत वर्ष 2012 में की गई। सोसाइटी ने करीब 12 साल तक काम किया और कई जगह अपनी शाखाएं खोलीं। इसके साथ ही प्रदेश भर में भी सोसाइटी की ओर से कई शाखाएं खोली गईं। आरोप है कि सोसाइटी के पदाधिकारी अधिक ब्याज, दोगुना रकम, बोनस और अतिरिक्त लाभ की योजनाएं बताकर लोगों से निवेश कराते थे। जिन लोगों की राशि मेच्योर हो जाती, उन्हें नई योजना बताकर रीइन्वेस्टमेंट कराया जाता। कुछ लोगों को कंपनी ने पैसा भी दिया। वर्ष 2023-24 में सोसाइटी ने सभी शाखाएं बंद कर दी।

### कंपनी और पदाधिकारियों के खिलाफ 14 मुकदमे

ललितपुर में कंपनी और उसके पदाधिकारियों के खिलाफ 14 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें 20 लोगों को आरोपी बनाया गया है। आरोप यह भी है कि सोसाइटी ने प्रदेश भर में शाखाएं खोलकर करीब 1600 करोड़ की ठगी लोगों से की है। बहरहाल आर्थिक अपराध के इस मामले में शासन ने आर्थिक अपराध शाखा कानपुर यूनिट से जांच करायी तो आरोप सही पाए गए। जिसके बाद शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। सूत्रों के मुताबिक सोसाइटी के चेयरमैन जितेंद्र सिंह निरंजन, निदेशक मानवेंद्र द्विवेदी समेत अन्य लोगों पर धोखाधड़ी में शामिल होने के आरोप सही पाए गए हैं।

> ललितपुर के लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी के 200 करोड़ की धोखाधड़ी की जांच पूरी हो गई है। जांच में आरोप सही पाए गए हैं। शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।
> –**हफीजुर्रहमान,** एसपी आर्थिक अपराध शाखा

## शहर 30s

### साइकिल सवार की सड़क हादसे में मौत

**कल्याणपुर।** रावतपुर में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार राजमिस्त्री 50 वर्षीय गोकुल प्रसाद की मौत हो गई। सैय्यद नगर निवासी गोकुल के बेटे हिमांशु पाल ने बताया कि पिता मसवानपुर से साइकिल से घर आ रहे थे। अशोक वाटिका चौराहे के पास बाइक सवार ने टक्कर मारी।

### गंदगी के खिलाफ दिया ज्ञापन

**कानपुर।** रजबी रोड मार्केट में गंदगी समेत अन्य समस्याओं से परेशान रजबी रोड मर्चेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले व्यापारियों ने विरोध जताया। शनिवार को नगर निगम पहुंच अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। अध्यक्ष मोहम्मद कलीम ने बताया कि 50 वर्ष पुरानी रजबी रोड होल सेल रेडीमेड मार्केट में सफाई नियमित नहीं होती है। मार्केट में लगभग 250 दुकानें हैं। यहां अब्बास, शाह आलम, आयुष द्विवेदी, रिजवान शफीक आदि रहे।

### बाइक सवार की जेब से 23 हजार पार किए

**चकेरी।** कर्रही बंबा रोड निवासी राजेश कुमार गुप्ता एफएमसीजी प्रोडक्ट की एजेंसी में सेल्समैन हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम दामोदर नगर मोड़ के पास बाइक सवार दो लोगों ने रोका और कहा कि आगे एंबुलेंस में उनका मरीज है। वह मरीज की रिपोर्ट घर पर भूल आए। साथी को आगे तक छोड़ दो। इस पर राजेश ने उसे बाइक में बैठा लिया । इसी बीच आरोपित ने उनकी पैंट की जेब काट 23 हजार रुपये उड़ा दिए।

### नवोदय स्कूल में छात्रों ने खाने से किया मना

**सरसौल।** सरसौल स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में शनिवार शाम छात्रों ने स्कूल के कुछ शिक्षकों पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगा हंगामा कर दिया। रात का भोजन करने से मना कर दिया। तहसीलदार नर्वल ने स्कूल पहुंचकर बच्चों को समझाया और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर बच्चों ने देर रात भोजन किया। तहसीलदार नर्वल सत्यपाल प्रजापति ने बताया मामले की जांच कर रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी।

## करोड़ों की धोखाधड़ी में सुशील पर 11वां मुकदमा

**कानपुर, संवाददाता।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर भारी मुनाफे का झांसा देकर सर्जन डॉक्टर समेत एक दर्जन से अधिक लोगों से करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले नटवरलाल सुशील धवन पर 11वां मुकदमा नजीराबाद में दर्ज किया गया। इस रिपोर्ट मे उसकी पत्नी व बच्चों का भी नाम है। उसने फर्जी एप के से नकली निवेश व शेयर का रिकार्ड दिखा युवक से 6.16 लाख की ठगी की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पनकी सी ब्लॉक निवासी धनंजय कुमार सिंह के मुताबिक वर्ष 2007-08 के बीच चौधरी इंवेस्टमेंट एवं फाइनेंस कंपनी में 6.16 लाख निवेश किया था। जिसकी वर्तमान में कीमत 13 लाख रुपये है। कंपनी के मालिक सर्वोदय नगर मोती विहार निवासी सुशील धवन ने निवेश से पहले भारी मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया था। ठगी का एहसास होने पर जब निवेश राशि और शेयर वापस मांगे तो शातिर फर्जी एप के माध्यम से फर्जी निवेश व शेयर का विवरण दिखाकर टालमटोली करता रहा। इसमें उसकी पत्नी अंजली धवन, पुत्री सोनाक्षी व बूंदा भी शामिल है, जबकि ठगी एम प्रॉफिट नाम के फर्जी एप से की गई। फजलगंज थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित, उसकी पत्नी व बेटियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### डॉक्टर समेत अन्य लोगों से करोड़ों की ठगी

सर्जन डॉक्टर शिवाकांत मिश्रा से 5 .5 करोड़ रुपये, प्रतीश रस्तोगी से 1.68 करोड़, बैंक मैनेजर अशोक कपूर से 1. 5 करोड़ व अशोक मेहरा से 55 .58 लाख रुपये की ठगी कर चुका है। ठगी का एक दर्जन से अधिक लोग शिकार हो चुके हैं। वहीं, एकाएक धोखाधड़ी की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने बीती 27 फरवरी को आरोपित सुशील को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## शराब न मिलने पर दबंगों ने मारपीट कर तोड़ दी कार

**बिठूर।** बिठूर के टिकरा शराब ठेके के पास कार में बैठे प्रापर्टी डीलर से रात दस बजे के बाद दबंगोंने मारपीट की। साथ ही कार के शीशे भी तोड़ दिए।

टिकरा के नसेनिया गांव निवासी मोहित अग्निहोत्री ने बताया कल्याणपुर के कश्यप नगर में रहते हैं और प्रापर्टी का काम करते हैं। 15 जुलाई की रात साढ़े दस बजे वह टिकरा बाजार के पास अंग्रेजी शराब की दुकान के पास कार में बैठे थे। मित्र राकेश यादव से बात कर रहे थे। तभी एक कर आकर रुकी जिसमें से चार लड़के उतरे और शराब ठेके की तरफ गए। लौट कर आए तो कहा कि अब दुकान बंद हो गई है। शराब नहीं मिलेगी। जिस पर युवक गाली बकते हुए चले गए। कुछ देर बाद कार से वापस आए। इसमें से छह लड़के उतरे जिन्होंने उनको कार से उतार कर पीटना शुरू कर दिया। राकेश को भी पीट दिया। हमलावरों में एक युवक प्रदीप सिंह है। बिठूर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## बैंककर्मी बन ओटीपी पूछा, एक लाख रुपये उड़ाए

**चकेरी।** साइबर ठगों ने एक पीड़ित को बैंककर्मी बनकर फोन किया। केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर ओटीपी पूछ उसके खाते और क्रेडिट कार्ड से एक लाख रुपये उड़ा दिये। पीड़ित ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है।

शिवकटरा चरारी निवासी रमेश चंद्र पाल के अनुसार, उनका खाता पंजाब नेशनल बैंक में न्यू चकेरी शाखा में है। एक अप्रैल को फोन आया। मोबाइल पर आए ओटीपी को आरोपित को बता दिया। ओटीपी बताते ही उनके खाते से 52,819 रुपये और 23 अप्रैल को क्रेडिट कार्ड से कई बार में 48,898 रुपये कट गए। जब वे बैंक गये तो ठगी की जानकारी हुई।

# सिपाहियों पर चप्पलें-डंडा चलाने वाली मां-बहन और बेटा फरार, दबिशें जारी

**हि फॉलोअप**

**बिल्हौर, संवाददाता।** चौबेपुर के भवानीपुर गांव में पीआरवी पर चप्पलें और डंडा चलाने वाली मां-बहन और बेटा फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। वहीं, शनिवार को अफसरों के निर्देश पर लेखपाल ने गांव जाकर मामले की जांच की।

भवानीपुर गांव निवासी राहुल की पत्नी बरखा ने पुलिस कंट्रोल रूम में शुक्रवार शाम को फोन कर नरेंद्र कुमार द्वारा गाली गलौज करने की शिकायत की थी। पीआरवी के अनूप कुमार साथी सिपाही के साथ गांव पहुंचे। नरेंद्र ने पुलिस पर 50 हजार रुपये खाने का आरोप लगाया तो पुलिस कर्मी ने उसे रोका। इसी बीच उसने गाली गलौज कर चप्पलों और डंडों से हमला कर दिया। उसके बाद परिवार भी हमलावर हो गया था। चौबेपुर थाने से फोर्स ने जाकर सिपाहियों की जान बचाई। साथ ही आरोपित वीरेंद्र और कन्हैया के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। रात को सिपाही अनूप कुमार ने नरेंद्र और उसके परिवार की महिलाओं समेत छह के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। वहीं, लेखपाल ने गांव जाकर विवादित जमीन की जांच कर झगड़ा करने के बजाय पक्षकारों से कोर्ट में वाद दायर करने की सलाह दी है। इंस्पेक्टर चौबेपुर दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि सबसे ज्यादा नरेंद्र और उसकी मां ने सिपाही से हाथापाई की। नरेंद्र और उसकी मां फोन बंद कर फरार हैं। दोनों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

> सिपाही की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। एफआईआर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> –**अंकित कुमार,** एसीपी, बिल्हौर

**कवायद** बड़ा चौराहा, ग्रीन पार्क चौराहा, परेड पर परखीं डीसीपी ने व्यवस्थाएं, सौ मीटर के दायरे में तिपहिया वाहनों पर नाराज

# सख्ती: सीएम ग्रिड रोड से खिंचवाए वाहन

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार ने शनिवार को बड़ा चौराहा, वीआईपी रोड, ग्रीन पार्क चौराहे से परेड तक निर्माणाधीन सीएम ग्रिड सड़क का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने इन स्थानों पर वाहनों के दबाव और परेड बड़े चौराहे पर तिपहिया वाहनों का जमावड़ा देखा। इस पर उन्होंने टीआई को अल्टीमेटम दिया कि चौराहे के चौतरफा मार्गों पर 100 मीटर के दायरे में कोई तिपहिया न तो सवारी बिठाए और न ही सवारी उतारे। अवैध पार्किंग भी न होने दें। सीएम ग्रिड सड़क पर कृष्णा टॉवर के सामने रोड पर खड़ी कारों को देख लाउड हेलर से एनाउंस किया फिर भी वाहन हटाने को कोई नहीं आया तो कारों को क्रेन से खिंचवा पुलिस लाइन भिजवा दिया।

- **कृष्णा टॉवर के सामने कारों को देख लाउड हेलर से एनाउंस किया**
- **हटाने कोई नहीं आया तो कारों को क्रेन से खिंचवा लाइन भिजवा दिया**

**सबसे अधिक दिक्कत हडर्ड चौराहे से परेड तक दिखी:** डीसीपी ट्रैफिक ने दोपहर 12.30 से दो बजे तक प्रमुख चौराहों और सीएम ग्रिड रोड की स्थिति को देखा। ग्रीनपार्क चौराहे से परेड तक जगह-जगह सड़क ऊबड़-खाबड़ और टूटी थी। सामने आया कि इस वजह से ट्रैफिक रेंगते हुए चल रहा था। सबसे अधिक दिक्कत हडर्ड चौराहे से परेड तक दिखी। परेड चौराहे पर तो एक दुकानदार का कब्जा और बाकी सड़क पर ई-रिक्शों का जमावड़ा था। इस पर मातहतों से नाराजगी जताते हुए कहा किसी कीमत पर वाहनों को न फंसने दिया जाए। उन्होंने कहा कि चौराहे से निर्बाध ट्रैफिक निकलेगा तो जाम नहीं लगेगा। इसमें सबसे अधिक बाधक अतिक्रमण और ई-रिक्शों का अवैध जमावड़ा है। इन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि इस पर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।